राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018

www.rsmssb.rajasthan.gov.in दूरभाष नं. 0141–2722520

क्रमांकः प.8(80)RSSB/प.आ./वनपाल एवं वनरक्षक सी.भ.प/2020/469 दिनांकः15.11.2

विज्ञप्ति

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के विज्ञापन संख्या 04/2020 क्रमांक 3533 दिनांकः 11.11.2020, के द्वारा वनपाल एवं वनरक्षक सीधी भर्ती परीक्षा– 2020 के लिए आवेदन पत्र आमन्त्रित किये गये थे एवं इसके पश्चात संशोधित विज्ञप्ति क्रमांक 19 दिनांक 07.01.2021 को जारी की गयी थी। तदान्तर्गत ही अयोजित की गयी **वनरक्षक सीध भर्ती परीक्षा–2020 के दिनांक 12.11.2022 की द्वितीय पारी (द्वितीय चरण) की परीक्षा को निरस्त किये जाने के फलस्वरूप अब इस परीक्षा का आयोजन दिनांक 11.12.2022** को निम्नांकित तालिका में वर्णित कार्यक्रमानुसार किया जावेगाः–

क्र.सं.	परीक्षा का नाम	परीक्षा दिनांक	परीक्षा का समय
1.	**वनरक्षक सीधी भर्ती परीक्षा–2020**	11.12.2022 (रविवार) **(प्रथम चरण)**	(10:00 A.M. to 12:00 noon) (Morning Shift)
		11.12.2022(रविवार) **(द्वितीय चरण)**	(03:00 P.M. to 05:00 P.M.) (Evening Shift)

अतः उपरोक्त परीक्षा के अभ्यर्थियों को निम्नानुसार सूचित किया जाता है किः–

1. आवेदक यह सुनिश्चित कर लें कि वे बोर्ड कार्यालय की उक्त विज्ञप्तियों के अनुसार निर्धारित पात्रता एवं शैक्षणिक योग्यता रखते हैं।
2. उक्त परीक्षा के लिए **"प्रोविजनल ई– प्रवेश पत्र" बोर्ड की वेबसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in से डाउनलोड करने की दिनांक के लिए अलग से यथासमय सूचित कर दिया जायेगा।** बोर्ड द्वारा परीक्षार्थियों को अलग से प्रवेश पत्र प्रेषित नहीं किये जायेंगे।
3. **परीक्षाओं के सम्बन्ध में विभिन्न सोशल मीडिया पर किये जा रहे भ्रामक प्रचार पर विश्वास न करें। बोर्ड द्वारा राज्य स्तरीय प्रतिष्ठित समाचार–पत्रों में एवं बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर प्रकाशित विज्ञप्ति द्वारा दी गई जानकारी को ही अधिकृत माना जावे।**
4. नवीनतम एवं अद्यतन सूचनाओं की जानकारी के लिए बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in का नियमित रूप से अवलोकन करें।